**Regarding Raxaul-Haldia Expressway**

**डॉ. संजय जायसवाल (पश्चिम चम्पारण):** माननीय सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से शून्यकाल के दौरान रक्सौल-हल्दिया एक्सप्रेसवे के मामले को रखना चाहता हूँ।

बिहार एक लैंड लॉक्ड स्टेट है और नेपाल एक लैंड लॉक्ड कंट्री है । दोनों के देशों की परिवहन प्रणाली का इस्तेमाल बिज़नेस करने में होता है । हमारे यहाँ इसके लिए हल्दिया पोर्ट है । हल्दिया-रक्सौल एक्सप्रेसवे के लिए बिहार सरकार और झारखण्ड सरकार ने एनओसी एलाइन्मेंट फाइनल कर दिया है । मैं टीएमसी के माननीय मित्रों से भी कहना चाहूँगा कि धनगौल का एलाइन्मेंट तुरन्त फाइनल कराया जाए । चूंकि हल्दिया-रक्सौल एक्सप्रेसवे बनने से न केवल बिहार के सामानों को निर्यात करने में फायदा होगा, बल्कि इससे नेपाल में भी जो सामान आते हैं, वह प्रक्रिया भी तेजी से पूरी हो पाएगी । इससे नेपाल सरकार और बिहार सरकार दोनों को मदद मिलेगी । धन्यवाद ।